फा.सं.7/61/2017-ले.क्र.

**भारत सरकार**

**संसदीय कार्य मंत्रालय**

**87, संविधान सदन, नई दिल्ली-110001**

दिनांक: 15.10.2025

## <u>ई-नीलामी सूचना</u>

इस मंत्रालय की दो कारों–(1) मारुति शियाज VXI, DL-1C T-3347 मॉडल 2015, पेट्रोल, आरसी सहित, कर: ओटीटी तथा (2) मारुति शियाज VXI, DL-9C AP-8888, मॉडल 2016, पेट्रोल, आरसी सहित, कर: ओटीटी–की ई-नीलामी शुक्रवार, 31 अक्टूबर, 2025 को अपराह्न 2:30 बजे आयोजित की जाएगी। दोनों वाहन संसद ग्रंथालय भवन की भूमिगत पार्किंग में खड़े हैं, जिनका निरीक्षण 28 एवं 29 अक्टूबर, 2025 को किया जा सकता है। निरीक्षण हेतु पहले समय लेना अनिवार्य है, जो 011-23034743 या 011-23034899 पर संपर्क करके प्राप्त किया जा सकता है (रकाबगंज गुरुद्वारे के सामने वाले द्वार से प्रवेश)। प्रत्येक वाहन की नीलामी अलग-अलग की जाएगी।

**नियम और शर्तें:** दोनों कारों की नीलामी "जैसी हैं, जहाँ हैं" के आधार पर की जाएगी तथा वाहनों को उच्चतम बोलीदाता द्वारा अधिग्रहित किया जाएगा। प्रत्येक वाहन के लिए ₹30,000/- की प्रतिदेय प्रतिभूति जमाराशि नई दिल्ली में देय DD/NEFT/RTGS के माध्यम से M/s Accurate Auctioneers के पक्ष में, हर बोलीदाता द्वारा नीलामी प्रारंभ होने से पूर्व जमा करानी अनिवार्य होगी। उच्चतम बोली की स्वीकृति संसदीय कार्य मंत्रालय के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगी। बोली की वैधता 45 दिन की होगी। बोलीदाता को वैध पहचान प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा तथा कागजात एवं वाहन के हस्तांतरण हेतु ऑनलाइन आवेदन करते हुए, 30 दिनों के भीतर संबंधित नाम पर सभी हस्तांतरण संबंधी औपचारिकताएँ पूर्ण करनी होंगी। सफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई प्रतिभूति राशि, हस्तांतरण प्रक्रिया पूर्ण होने पर वापस कर दी जाएगी। अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात 48 घंटे के भीतर उच्चतम बोली राशि का भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा प्रति दिन ₹ 500/- का जुर्माना लगाया जाएगा। उच्चतम बोली राशि जमा करने के उपरांत नीलाम की गई वस्तुओं को एक सप्ताह के भीतर हटाना अनिवार्य होगा।

संसदीय कार्य मंत्रालय की ओर से ऑनलाइन बोली प्रक्रिया के लिए M/s Accurate Auctioneers को समन्वयक नियुक्त किया गया है। यह संस्था ऑनलाइन बोली प्रक्रिया के संचालन में सहायता हेतु www.accurateauctioneers.in के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफ़ॉर्म उपलब्ध कराएगी (दूरभाष: 9868215515, 8076863359)।

संसदीय कार्य मंत्रालय यह अधिकार सुरक्षित रखता है कि यदि उसकी दृष्टि में उच्चतम बोली उचित न प्रतीत हो, तो वह बिना कोई कारण बताए उसे अस्वीकार कर सकता है। संसदीय कार्य मंत्रालय के कर्मचारी नीलामी में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे।

(मुकेश कुमार)
उप सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 011-23034899
ईमेल: <u>mukesh.kumar.mopa@nic.in</u>

<u>प्रतिलिपि :</u>

1. सभी मंत्रालय/विभाग - व्यापक परिचालन हेतु।
2. लोक सभा/राज्य सभा सचिवालय।
3. M/s Accurate Auctioneers, फ्लैट नं. 5, गीता अपार्टमेंट्स, BL-17, गीता कॉलोनी, दिल्ली-110031 (व्यापक प्रचार हेतु 10 अतिरिक्त प्रतियों सहित)।
4. एनआईसी - मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. सीपीपीपी पोर्टल।